छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक – 02/विस/सम्पदा/2010 रायपुर, दिनांक : 07.01.2010

// निविदा आमंत्रण //

विधान सभा परिसर में 1220 वर्ग मीटर निर्मित सेंट्रल हॉल जिसका उपयोग लोक सभा के सेंट्रल हॉल के समान माननीय विधायकों, पूर्व विधायकों और अन्य अधिकृत व्यक्तियों के द्वारा समय–समय पर विचार–विमर्श, संगोष्टी/सम्मेलन केन्द्र के रूप में किया जायगा, के लिये तथा इस भवन में अन्य कक्षों को वरिष्ठ पदाधिकारियों के कार्यालयीन कक्षों के रूप में फर्नीशिंग करने के साथ–साथ किचन एवं पेन्ट्री में भी समस्त आधुनिक उपकरण लगाये जाने हेतु पंजीकृत अनुभवी मेन्यूफेक्चरर्स एवं इंटीरियर डेकोरेटर्स से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं ।

इच्छुक फर्म/व्यक्ति को प्रत्येक कक्ष में किस प्रकार से फर्नीचर को स्थापित किया जायेगा और समय–समय पर उसमें किस प्रकार से परिवर्तन भी किया जा सकता है, को वाक थ्रू के द्वारा प्रदर्शित करना होगा ।

इच्छुक फर्म/ इंटीरियर डेकोरेटर रूपये 1,000/– (एक हजार रूपये) का शुल्क जमा कर टेण्डर फार्म विधान सभा सचिवालय की सम्पदा शाखा से दिनांक 30 जनवरी, 2010 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं अथवा छत्तीसगढ़ विधान सभा की वेबसाइट www.cgvidhansabha.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, जिसका शुल्क रूपये 1,000/– (एक हजार रूपये) का विधान सभा सचिवालय में निविदा जमा करने के पूर्व जमा करना होगा ।

फर्म/इंटीरियर डेकोरेटर को अपने प्रस्ताव के साथ यह भी अंकित करना होगा कि वे किस कम्पनी के द्वारा निर्मित फर्नीचर स्थापित करने का प्रस्ताव कर रहे हैं । फर्नीचर उच्च्य गुणवत्ता का होना आवश्यक है ।

निविदा को मान्य या अमान्य करने का अधिकार सचिव, विधान सभा को होगा ।

सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

निविदा की शर्तें

1. विधानसभा में निर्माणाधीन सेन्ट्रल हॉल से संबंधित विभिन्न कक्षों /कोरिडोर का विवरण निम्नानुसार हैं :–
   - i. सेन्ट्रल हॉल का प्लिंथ एरिया 1220 वर्ग मीटर हैं ।
   - ii. भवन के हॉल का आकार 18.00 x 18.00 मीटर हैं एवं हॉल के फाल्स सिलिंग की ऊंचाई 6.00 मीटर हैं ।
   - iii. हॉल के चारों ओर वरांडा हैं जो कि लगभग 21.00 मीटर लंबा एवं 3.00 मीटर चौड़ा हैं ,हॉल को छोड़ कर शेष भवन की फाल्स सिलिंग की ऊंचाई 2.80 मीटर हैं ।
   - iv. भवन में दो व्ही0आई0पी0 कक्ष का प्रावधान हैं । प्रत्येक कक्ष में एक विश्राम कक्ष 5.00 x 4.35 मीटर , ड्रेसिंग कक्ष 1.80 x 4.35 मीटर , पेंट्री 1.80 x 4.35 मीटर , व्ही0आई0पी0 चेम्बर 4.55 x 4.90 मीटर एवं पी0ए0 कक्ष 2.80 x 3.25 मीटर का प्रावधान हैं
   - v. भवन के पीछे की ओर किचन 3.40 x 3.90 मीटर , पेन्ट्री 3.00 x 3.40 मी. , स्टोर रूम 3.20 x 5.40 मीटर एवं इलेक्ट्रीक रूम 6.80 x 3.50 मीटर का प्रावधान हैं ।
   - vi भवन के सामने की ओर मुख्य पोर्च का आकार 6.00 x 12.00 मीटर हैं भवन में प्रवेश के पूर्व प्रवेश वरांडा 3.00 x 4.00 मीटर का प्रावधान रखा गया हैं भवन के सामने से प्रवेश करने पर Entrance foyer का आकार 7.70 x 8.50 मीटर हैं एवं फाल्स सिलिंग की ऊंचाई 5.50 मीटर हैं ।
   - vii भवन के पीछे व्ही0आई0पी अतिथियों के प्रवेश के लिए पोर्च का प्रावधान है। , जिसका आकार 4.00 x 9.00 मीटर हैं , भवन के पीछे Entrance Lobby का प्रावधान किया गया हैं , जिसका आकार 5.50 x 4.00 मीटर हैं एवं फाल्स सिलिंग की ऊंचाई 2.80 मीटर हैं ।
2. निविदाकार सचिवालय की संपदा शाखा से संपर्क कर सेन्ट्रल हॉल का ले–आऊट प्लान एवं स्थल निरिक्षण कार्यालयीन समय में कर सकेगा ।
3. निविदाकार को कक्षों के फर्नीशिंग , फर्नीचर , किचन–पेन्ट्री में स्थापित होने वाले आधुनिक उपकरण आदि के केटलॉग , कम्पनी का नाम एवं नमूना सहित सम्पूर्ण प्रस्ताव दर सहित प्रस्तुत करना होगा ।
4 प्रत्येक कक्ष में किस प्रकार से फर्नीचर स्थापित होगा और समय–समय पर आयोजित होने वाले संगोष्ठि /सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रम अनुरूप किस प्रकार से परीवर्तन किया जा सकेगा , को वॉक–थ्रू के द्वारा प्रादर्शित करना होगा ।
5. प्रयुक्त होने वाली सामग्री उपकरण उच्च गुणवत्ता की होगी ।
6. निविदाकार को उनके संस्था की पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि एवं आयकर चुकता प्रमाण–पत्र व अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
7. निविदा को मान्य या अमान्य करने का अधिकार सचिव , विधानसभा को होगा ।
8. निविदा स्वीकृत होने के उपरांत एक माह की अवधि में कार्य पूर्ण करना होगा ।
9. निविदा में दी गई दरें वित्तीय वर्ष 2010–11 की अवधि हेतु मान्य रहेगी ।



GROUND FLOOR PLAN

BUILT UP AREA = 1265.00 SQM

REVISED PLAN OF CENTRAL HALL AT VIDHAN SABHA PARISAR, RAIPUR

S/E

Sub Dnl. Officer
P.W.D. Vidhan Sabha Sub Dn.
Raipur (C.G.)

Executive E
P.W.D. Vidhan S
RAIPUR (